हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 25 अप्रैल 2024
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 प्रदेश की प्रावीण्य सूची में नगर की चार छात्राओं ने ...



08 क्षतिग्रस्त हुआ कर्क रेखा पॉइंट विभाग नहीं ले रहा ...




## खबर संक्षेप

### छात्रवृत्ति व आवास सहायता के आवेदन 30 तक जमा होंगे

**विदिशा।** अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना अंतर्गत वर्ष 2022-23 हेतु छात्रवृत्ति पोर्टल 2.0 पर नवीनीकरण आवेदन दर्ज करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। विस्तृत जानकारी के लिए जनजातीय कार्य विभाग के कार्यालय से कार्यालयीन दिवसो अवधि में संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है अथवा दूरभाष क्रमांक 07592-250753 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है। वहीं छात्र चाहे तो अपनी शैक्षणिक संस्था से सम्पर्क कर आवश्यक कार्यवाही संपादित करा सकते हैं।

### द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 27 से 30 तक होगा

**विदिशा।** लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान दलों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम 27 से 30 तारीख तक दिया जाएगा। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि जिले की पांचों विधानसभाएं विदिशा, गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज एवं शमशाबाद के सहायक रिटर्निंग आफीसरों को प्रशिक्षण के संबंध में बिन्दुवार जानकारियां तैयार कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

### प्रत्येक वोट जरूरी के आवेदन 25 तक

**विदिशा।** लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप (सिस्टमेटिक वोटर्स एज्युकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) के तहत राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार भी दिए जाएंगे। इस प्रतियोगिता का विषय प्रत्येक वोट जरूरी होगा। इसमें 25 अप्रैल तक ऑनलाइन प्रविष्टियां mp.mygov.in पोर्टल पर भेजी जा सकती हैं। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय 21 हजार व तृतीय पुरस्कार 11 हजार रुपए रखा गया है। इसके अलावा 10 प्रतिभागियों को 5100- 5100 रुपए के विशेष पुरस्कार भी दिए जाएंगे। प्रतियोगिता के प्रतिभागी को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना जरूरी है। एक प्रतिभागी की एक ही प्रविष्टि स्वीकार की जाएगी। स्लोगन की शब्द सीमा अधिकतम 25 से 30 होना चाहिए। प्रविष्टि मौलिक, अर्थपूर्ण व हिंदी भाषा में होना चाहिए।

## 25 लोगों के खाते खुलवाए समय पूरा होने पर सभी खातेदारों को रुपए वापस मिलने की आस

# चिडफंड कंपनी का जाल: बेतवांचल बैंक कंपनी ने गरीबों के पैसे जमा कराए अब वापस करने से इनकार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

हरिभूमि पड़ताल

एक बार फिर से चिटफंड कंपनियां शहर सहित जिलेभर को अपने जाल में फांसती नजर आ रही है। बेतवांचल बैंक कंपनी के नाम से संचालित एक कंपनी ने अपने एजेंट नियुक्त किए और गरीब जरूरतमंदों को सपने दिखाकर उनके बचत खाते खोलकर लाखों रुपये बटोर लिए। जब लोगों ने राशि वापस मांगी तो कंपनी ने देने से इंकार कर दिया।

अपने को ठगा महसूस कर रहे लोगों की भीड़ सिविल लाइन थाने पहुंची और मेहनत की कमाई वापस दिलाने की मांग करते हुए आवेदन दिया। इन लोगों के साथ बेतवांचल कंपनी का एक अभिकर्ता भी शिकायतकर्ताओं में शामिल है। कंपनी के एजेंट रंजीत कुशवाह ने पुलिस को दिए आवेदन में लिखा है कि उसने करीब 25 लोगों के खाते खुलवाए थे। समय पूर्ण होने पर वे सभी खातेदार रुपए वापस मांग रहे हैं। आरोप लगाया है कि परिपक्वता अवधि पूर्ण होने के बाद भी कंपनी का मैनेजर नीलेश राजपूत राशि देने में आनाकानी कर रहा है और मोबाइल पर धमकी दे रहा है। बैंक मैनेजर ने सभी खातेदारों की पासबुक भी रख ली है। बेतवांचल कंपनी में राशि जमा करने वालों में सुनील शिल्पकार, संजू अहिरवार, नेम सिंह, भूरा अहिरवार, अर्जुन, भूरा कुशवाह, अमन, लोकेश, आदिल कुरैशी, अब्दुल राजिक, राशिद कुरैशी आदि शामिल हैं। पुलिस को दिए आवेदन में अभिकर्ता रंजीत कुशवाह ने लिखा है कि सभी गरीब मजदूर हैं। इस पूरे मामले को लेकर सिविल लाइन टीआई शहवाज खान का साफ कहना है कि यह मामला बेहद गंभीर है। इसकी पूरी जांच कराएंगे और दोषी पाए जाने पर धोखाधड़ी वाले आर्थिक अपराध का मामला दर्ज कर जांच की जाएगी।

### हरिभूमि की पड़ताल: बेतवांचल बैंक नहीं है

22 अप्रैल को एक पीड़ित व्यक्ति का हरिभूमि के पास फोन आया तब यह तथाकथित चिटफंड कंपनी का मामला सामने आया। पीड़ित ने राशि वापस करने रामद्वारा स्थित कंपनी का कार्यालय जिसे बैंक कहा जा रहा है वहां पहुंचकर राशि मांगी। बैंक के मैनेजर ने राशि देने से आनाकानी की तो उसने हरिभूमि को खबर की। मीडिया वाले पहुंचते तब बैंक मैनेजर ने पुलिस को बुला लिया और शिकायतकर्ता को थाने ले गए। मीडिया पुलिस थाने पहुंची तब तक शिकायतकर्ता को भगा दिया गया। कंपनी ने उसे मना लिया कि वह शिकायत न करे उसकी राशि वापस कर देंगे। शिकायतकर्ता ने जब यह बताया तब संदेह पक्का होता चला गया। लेकिन तब तक अन्य लोगों को जानकारी लग चुकी थी और उन्होने सिविल लाइन थाने में बेतवांचल बैंक के खिलाफ आवेदन दिया।

### मैनेजर ने पहले कहा बैंक चलाते हैं लेकिन पंजीयन कंपनी का निकला, फिर कहने लगा यह माइक्रो फाइनेंस कंपनी है

इस संबंध में बैंक मैनेजर नीलेश राजपूत से जब सवाल किया कि लोगों की पासबुक बनाकर बचत खाते के रूप में आप नियमित रूप से किस नियम, अनुमति के तहत राशि जमा करवा रहे हैं। इस सवाल का बैंक मैनेजर से कोई जबाव नहीं मिला। बैंक मैनेजर ने कहा कि उनके पास पंजीयन है और अनुमति भी है। बेतवांचल निधि लिमिटेड कंपनीज एक्ट 1956 के तहत पंजीकृत है और इसका एक प्रमाणपत्र भी उन्होंने पेश किया। लेकिन कंपनी एक्ट के तहत पंजीकृत कोई भी कंपनी बैंकिंग व्यवसाय नहीं कर सकती है। इन तर्कों के बाद बेतवांचल के मैनेजर ने कहा कि उनकी कंपनी माइक्रो फाइनेंस कंपनी है। लेकिन माइक्रो फाइनेंस कंपनी के दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं कर सके। यहां यह स्पष्ट है कि माइक्रो फाइनेंस कंपनिया लोगों के बचत खाते नहीं खोलती सिर्फ लोन मुहैया कराती हैं।


विदिशा। इस संबंध में सिविल लाइन पुलिस को आवेदन भी दिया गया है।

## रिजल्ट: एमपी बोर्ड का कक्षा 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ

# 10वीं में छात्राओं का परिणाम 61.69 जबकि छात्रों का 49.77 प्रतिशत रहा

बुधवार को पीमपी बोर्ड के कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। 10वीं में गंजबासौदा के डॉल्फिन स्कूल की जोयल रघुवंशी ने 491 नंबर लाकर प्रदेश की मैरिट में चौथा और गंजबासौदा के सेंट एसआरएस स्कूल की तान्या शर्मा ने 488 नंबर प्रदेश में सातवां स्थान हासिल किया है।

10वीं में गंजबासौदा के डॉल्फिन स्कूल की जोयल रघुवंशी ने 491 नंबर लाकर प्रदेश की मैरिट में चौथा और गंजबासौदा के सेंट एसआरएस स्कूल की तान्या शर्मा ने 488 नंबर प्रदेश में सातवां स्थान हासिल किया।


विदिशा। रिजल्ट घोषित होने के बाद खुशी का इजहार करते साकेत शिश रंजन स्कूल के छात्र - छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बुधवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। 10वीं में गंजबासौदा के डॉल्फिन स्कूल की जोयल रघुवंशी पुत्री सुरेंद्र रघुवंशी ने प्रदेश की मैरिट में चौथा स्थान प्राप्त किया है जोयल ने 491 अंक प्राप्त किए। वहीं गंजबासौदा के ही सेंट एसआरएस स्कूल की तान्या शर्मा ने 488 अंक प्राप्त कर प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त किया। किया। 4 विद्यार्थियों ने 10वीं की जिला स्तरीय मैरिट में जगह बनाई है। पिछले वर्ष की तुलना में इस साल 10वीं का रिजल्ट 9.38% घटा है। 10वीं में कुल 14407 छात्र-छात्राएं दर्ज थे, जिसमें से 14337 परीक्षार्थी शामिल हुए। 8035 छात्र-छात्राएं पास हुए हैं। छात्राओं का परिणाम 61.69 फीसदी रहा। जबकि छात्रों का 49.77 फीसदी रहा। 10वीं में 5417 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में पास हुए हैं और 2599 छात्र-छात्राएं द्वितीय श्रेणी में पास हुए। जबकि 19 छात्र-छात्राएं तृतीय श्रेणी में पास हुए हैं। 4439 छात्र-छात्राएं फेल हो गए। 1835 छात्र-छात्राओं की सप्लीमेंट्री आई है। बता दें की पिछले साल जिले का 10वीं का रिजल्ट 65.45 फीसदी था। इस बार 56.07 % है।

### कक्षा 10वीं में जिले में प्रथम

1 **भूमि सेन**, पिता कैलाश सेन ने 482 अंक प्राप्त किए। भूमि सेंट एसआरएस पब्लिक स्कूल गंजबासौदा की छात्रा हैं। वहीं **रितिका रघुवंशी**, पिता गजेंद्र सिंह ने भी 482 अंक प्राप्त किए। रितिक साकेत शिशु रंजन स्कूल के छात्र हैं।

### जिले में द्वितीय

जिले में दूसरा स्थान गरिमा किरार पिता जगदीश किरार ने प्राप्त किया है। गरिमा ने 481 अंक प्राप्त किए हैं। वह भी साकेत शिशु रंजन स्कूल की छात्रा हैं।

### जिले में तृतीय

10 वीं में जिले में तीसरा स्थान अरुण अहिरवार पिता तखतसिंह अहिरवार ने प्राप्त किया है। अरुण ने 480अंक प्राप्त किए हैं। वह सेंट एसआरएस पब्लिक स्कूल गंजबासौदा ने छात्र हैं।

### कक्षा 12वीं की जिले की मैरिट लिस्ट

| नाम | अंक |
|---|---|
| शीफा खानम | 469 |
| कामना राजपूत | 465 |
| प्रकृति साहू | 479 |
| हर्षिता शर्मा | 479 |
| कृष्णा रघुवंशी | 479 |
| निहारिका तिवारी | 478 |
| कृष्णा शर्मा | 478 |
| अंश तिवारी | 477 |
| हर्ष चौरसिया | 471 |
| सुमन | 470 |
| कनिष्क शर्मा | 463 |
| अंकिता कुशवाह | 401 |

# रामलीला मेला परिसर में अवस्था में मिला शव

**पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चलेगा**


विदिशा। मौके पर पहुंचने के बाद जांच पड़ताल करते हुए पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

■ धूप अधिक होने पर भी नहीं उठा तब लोगों ने पुलिस को बुलाया।

रामलीला मैदान पर एक व्यक्ति का शव मिलने का मामला सामने आया है, शव मिलने की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस में मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। मृतक के पास मौजूद कागजों की जांच पड़ताल की गई तो पता चला कि मृतक उदयगिरि का रहने वाला है उसका नाम भाग्यचंद जाटव है।

लोगों का कहना था कि मेला परिसर में एक व्यक्ति सो रहा था, उसके पास में साइकिल खड़ी थी और हाथ में शराब की छोटी बोतल थी। पहले ऐसा लग रहा था कि वह सो रहा है, लेकिन तेज धूप होने के बाद भी वह उसी स्थिति में सोता रहा। जिससे कुछ आशंका हुई तो कुछ लोगों ने पास जाकर देखा तो उसमे कोई हलचल नहीं हो रही थी, जिससे लोगों को उसकी मौत का एहसास हुआ। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। उसके पास मौजूद दस्तावेजों की जांच की गई। कागजों के आधार पर मृतक की पहचान भागचंद जाटव निवासी उदयगिरि के रूप में की गई है, उसके पास मौजूद फोन नंबर के आधार पर परिवार के सदस्यों को सूचना दी गई है। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस का कहना था कि मौत की वजह स्पष्ट नहीं है पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण का पता चल सकेगा।

# बरमढी में दो टपरे आग से जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

■ समय पर फायर बिग्रेड पहुंचने से बड़ा हादसा टला।

ग्यारसपुर क्षेत्र के थाना त्यौंदा के अंतर्गत ग्राम बरमढी में आदिवासियों के दो टपरों में आग लग गई।

पीड़ित संतोष आदिवासी, मुन्ना बांधकर के टपरे में आग लग गई टपरे में घर का खाने पीने का सामान रखा हुआ था, जो जलकर राख हो गया। टपरे में रखीं लकड़ियां भी जलकर राख हो गई है। पीड़ित ने बताया है कि लगभग 50 हजार का नुकसान हुआ है। मौके पर ग्यारसपुर थाना प्रभारी सीमा राय एवं त्यौंदा थाने के कर्मचारी पहुंचे। आनन फानन फायर ब्रिगेड को सूचना दी और विदिशा और गंजबासोदा से आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड पहुंची। ग्रामीणों ने बताया है कि ग्यारसपुर थाना प्रभारी सीमा राय का आग बुझाने में विशेष सहयोग रहा। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के द्वारा आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। अन्यथा और भी आसपास घरों में आग लगने की संभावना जताई जा रही थी परंतु समय पर फायर ब्रिगेड पहुंच गई। नहीं तो आग और भी घरों को अपनी चपेट में ले लेती। मौके पर ग्यारसपुर तहसीलदार सौरव मालवीय भी पहुंचे, वहीं भाजपा के जिला अध्यक्ष राकेश सिंह जादौन गोविंद पटेल के द्वारा भी आग बुझाने में सहयोग किया गया।

# खाद्य विभाग ने पनीर और श्रीखंड के नमूने लिए, जांच के लिए भेजे

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत मंगलवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने विदिशा में स्थित रिलायंस स्मार्ट बाजार का निरीक्षण किया। यहां खाद्य सामग्री के नमूना संग्रहण का कार्य किया गया। रिलायंस स्मार्ट बाजार विदिशा से खाद्य पदार्थ अमूल मलाई ,पनीर, सोय पनीर, अमूल श्रीखंड के सैंपल जांच हेतु एकत्रित किए गए। इन सैंपल को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जाएगा। फूड एंड सेफ्टी ऑफिसर एलिना ई पन्ना ने बताया कि मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत लगातार जांच पड़ताल की जा रही है। विभाग ने पूर्व के कई मामलों में व्यापारियों पर जुर्माना भी लगाया है।

# व्यवसायिक भवन निर्माण के मामले में नपा सीएमओ को नोटिस थमाया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शहर के मुख्य मार्ग सावरकर पथ बालविहार के सामने नियम विरुद्ध तरीके से बने व्यवसायिक भवन के निर्माण के मामले में संभागीय कार्यालय नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल संभाग भोपाल द्वारा सीएमओ को नोटिस दिया गया है। नोटिस ने स्पष्ट रूप से लिखा है कि अवैध निर्माण के संबंध में क्या कार्रवाई की गई है कि जानकारी दो दिन में उपलब्ध कराई जाए। उपरोक्त कार्रवाई भ्रष्टाचार उन्मूलन संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष रवि साहू के शिकायती आवेदन पर हुई है। ज्ञातव्य हो कि शहर मे चल रहे अवैध निर्माण और अवैध कालोनियों के खिलाफ भ्रष्टाचार उन्मूलन संघर्ष समिति विगत कई वर्षों से आंदोलनरत है।

### निर्माण के कारण बन रही जाम की स्थिति

शहर के मुख्य बाजार मार्ग पर विदिशा के प्रतिष्ठित व्यापारी भगत जी सर्राफ परिवार के गौरव अग्रवाल और विशाल अग्रवाल द्वारा अवैध तरीके से निर्माण किया जा रहा था। जब भवन निर्माणाधीन था तब भी भ्रष्टाचार उन्मूलन संघर्ष समिति ने इसका पुरजोर तरीके विरोध करते हुए शासन प्रशासन को शिकायत की थी। किंतु नगरपालिका प्रशासन और जिला प्रशासन ने भारी भ्रष्टचार के चलते एवं नगरपालिका सीएमओ, उपयंत्री और भवन निर्माण शाखा के लिपिक द्वारा लेनदेन कर इस अवैध भवन को बिना किसी रोकटोक के निर्मित होने दिया। जिसके कारण अब बार बार जाम की स्थित बनने लगी है।

## कक्षा 12 में में 6 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए

# मानसरोवर एकेडमी के छात्रों ने फहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

वात्सल्य ग्रुप द्वारा संचालित मानसरोवर एकेडमी का कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत एवं कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा।

कक्षा 10वीं में हर्षिता परिहार 90 प्रतिशत, हर्षिता साहू 90 प्रतिशत, ऋषि प्रताप ने 90 प्रतिशत अंक अर्जित किए। कक्षा 12 में में 6 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय शुभांक प्रजापति 95 प्रतिशत, गौतमी मालवीय 92 प्रतिशत, फरदीन खान 91.5 प्रतिशत हिर्दया सिंह चौहान 91 प्रतिशत नेत्रा सोले 89 प्रतिशत ऐश्वर्य तारे 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

वाणिज्य संकाय में कनक तिवारी ने 84 प्रतिशत, वंश यादव 80 प्रतिशत एवं कला संकाय मे आशी यादव 92 प्रतिशत एवं स्वाति राठौर ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। छात्र छात्राओं की सफलता पर वात्सल्य ग्रुप की संचालक देवना अरोरा एवं नम्रता अरोरा ने छात्रों को बधाई दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की।



# डॉक्टर बोले: लू के थपेड़ों से बचकर रहें और तरल पदार्थों का उपयोग अधिक करें

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

लू-तापघात से बचाव के लिए एडवाईजरी जारी की गई है। सिमे सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ शिरिष रघुवंशी द्वारा लू-तापघात से बचने के उपायों से अवगत कराते हुए बताया कि सीधी घूप से बचे। घर के अंदर हवादार, ठंडे स्थान पर रहे। हल्के रंग के, ढीले व पतले बस्त्रो का प्रयोग करें। धूप मे जाने के से पहले सिर पर छाते या कपडे का उपयोग करें। भोजन करके एवं पानी पीकर ही बाहर निकले। पानी का अधिक मात्रा मे सेवन करें। प्यास लगने का इंतजार न करें अधिक से अधिक पेय पदार्थ जैसे- नीबू पानी, लस्सी, छाछ, सिकंजी, जलजीरा, आमपना दही नरियल पानी इत्यादि का सेवन करें। अल्कोहॉल युक्त नशीले पेय पदार्थों का उपयोग न करें। चाय, काफी, साफ्ट ड्रिंक तथ ऐसे पेय पदार्थ जिनके शक्कर की मात्रा अधिक होती है के सेवन से बचें।

### अभी लंबी यात्रा करने से भी बचें

लू से बचने के लिए तरबूज, खरबूज, खीरा, अनानास संतरा, अंगूर आदि का अधिक सेवन करें। शिशुओं एवं बच्चों, 65 वर्ष से अधिक आयु के महिलाओ एवं पुरूषों, घर के बाहर काम करने वाले, मानसिक रोगियों तथा उच्च रक्तचाप वाले मरीज का विशेष ध्यान रखें। यदि बाहर कार्य करना अति आवश्यक हो तो समय ही करें। बाहरी गतिविधियां सुबह व शाम को करें। आत्याधिक शारीरिक श्रम वाली गतिविधियां दिन के अधिकतम तापमान वाले घंटों में न करें। जूते-चप्पल तथा नजर के काले चश्मे का प्रयोग करें। बहुत अधिक भीड़, गर्म घुटन भरे कमरों, रेल, बस आदि की यात्रा गर्मी के मौसम मे आत्यावयश्क होने पर ही करें।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-4700
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2150
उच्चतम भाव-3000
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2180
उच्चतम भाव- 2280
चना
न्यूनतम भाव- 2800
उच्चतम भाव- 5980
मसूर
न्यूनतम भाव-2150
उच्चतम भाव-6230
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-4690
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-5500
सरसों
न्यूनतम भाव-3770
उच्चतम भाव-5366
उड़द
न्यूनतम भाव-5700
उच्चतम भाव-7051
धान
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3005
ज्वार
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-2000
बटरी
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-6190
तुअर
न्यूनतम भाव-8850
उच्चतम भाव-8850
अलसी
न्यूनतम भाव-4700
उच्चतम भाव-4700
धनिया
न्यूनतम भाव-5955
उच्चतम भाव-7010

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 44275 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई। यहां उल्लेखनीय है कि इन दिनों रबी सीजन की फसलों की गहाई चल रही है और इस कारण मंडी में आवक भी लगातार बढ़ रही है।

## खबर संक्षेप

### अंश का सुयश



गंजबासौदा। न्यू स्कॉलर पब्लिक हाई स्कूल के कक्षा 5 के छात्र अंश सिंह पुत्र शैलेंद्र सिंह राजपूत ने बोर्ड परीक्षा में 90.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंश की इस उपलब्धि पर विद्यालयीन स्टाफ, परिवारजन एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### दिव्यांश का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**गंजबासौदा।** कक्षा 12वी (अंग्रेजी माध्यम) के छात्र दिव्यांश पुत्र विनोद सक्सेना ने वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर परीक्षा उत्तीर्ण की है। दिव्यांश सक्सेना ने पांचो विषयों मे विशेष योग्यता के साथ 500 अंको में से 412 अंक अर्जित किये हैं। दिव्यांश की इस उपलब्धि पर शिक्षकों, शुभचिंतको ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# रंगोली, मेंहदी के माध्यम से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्वीप गतिविधि अंतर्गत संकुल केंद्र शासकीय कन्या हाई स्कूल गाँधी चौक जन शिक्षा केंद्र नौघई के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन सतत जारी है। योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया स्वीप गतिविधि अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत सीईओ व स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर योगेश भरसट के निर्देशन में खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन सतत जारी है। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। मेरा वोट मेरा अधिकार की थीम पर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित गतिविधियों के क्रम में आज शासकीय माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों में रैली, रंगोली प्रतियोगिताओं एवं मानव श्रंखला के माध्यम से मतदान करने के संदेशों का प्रसारण कार्य किया गया है। विशेष कर महिला मतदाताएं आगामी 7 मई को अधिक से अधिक मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल हों पर विशेष फोकस



किया गया है। संकुल केन्द्र कन्या गाँधी चौक एवं जन शिक्षा केंद्र नौघई के विभिन्न शालाओं में मेहंदी, रंगोली सहित अन्य विविध प्रकार की गतिविधियां आयोजित हुई जिनमें बच्चो , शिक्षक एवं ग्रामीण जनो ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की, गंजबासौदा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम ललोई में आंगनबाड़ी केन्द्र की कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं व ग्रामीण महिलाओं ने मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिताओं जैसे कार्यक्रमों में सहभागिता कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया है। संदेश के माध्यम से कहा गया है कि जिले के सभी मतदाता लोकसभा निर्वाचन में आगामी 7 मई को अपने नियत मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान अवश्य करें। इस अवसर पर विद्यालयीन स्टाफ, विद्यार्थियों सहित बडी संख्या में ग्रामीण जन भी मौजूद रहे।

## नवांकुर डॉल्फिन की तीन और सेंट एसआरएस की एक छात्रा ने किया कमाल

# प्रदेश की प्रावीण्य सूची में नगर की चार छात्राओं ने बनाया स्थान






हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा


बुधवार को शाम के समय माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें नवांकुर की दो और डॉल्फिन की एक छात्रा ने राज्य की प्रावीण्य सूची तथा तीन छात्रों ने जिले की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के हायर सेकेंडरी के तीन छात्रों ने जिला मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। उधर नगर के सेंट एसआरएस स्कूल से भी हाई स्कूल की प्रदेश प्रावीण्य सूची में तान्या शर्मा ने प्रदेश में सातवां स्थान हासिल किया है।

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हायर सेकेंडरी के घोषित परीक्षा परिणाम में डॉल्फिन स्कूल की जोयल पुत्री सुरेंद्र रघुवंशी ने 491 अंक प्राप्त कर राज्य की प्रावीण्य सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया है। नवांकुर की हायर सेकेंडरी की छात्रा महिमा पुत्री शंभू सिंह दांगी ने 487 अंक प्राप्त कर राज्य की प्रावीण्य सूची में पांचवा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार हर्षिता पुत्री राजेश गौर ने 482 अंक प्राप्त कर राज्य की प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के हायर सेकेंडरी के तीन छात्रों ने जिले की मेरिट सूची में भी स्थान प्राप्त किया है। गणित संकाय के कृष्णा पुत्र सीताराम रघुवंशी ने 479 अंक प्राप्त कर द्वितीय, अंश पुत्र जगदीश तिवारी ने 477 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। कृषि संकाय के कनिष्क पुत्र विजय शर्मा ने 463 अंक प्राप्त कर जिले की मेरिट सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया है। इस प्रकार विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने राज्य प्रावीण्य सूची तथा तीन विद्यार्थियों ने जिले की मेरिट सूची में स्थान हासिल किया है। विद्यार्थियों की उपलब्धि पर नवांकुर, डॉल्फिन विद्यालय में हर्ष और उत्साह का माहौल व्याप्त है। नवांकुर, डॉल्फिन विद्यालय परिवार ने उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों उनके अभिभावकों को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

उधर सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकण्डरी के होनहार छात्र-छात्राओं ने लगातार पांचवीं बार प्रदेश एवं जिले की प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाकर शहर सहित संस्था का नाम रोशन किया है। संस्था के डायरेक्टर के.एस. यादव ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा की प्रदेश स्तरीय प्रावीण्य सूची में संस्था की तान्या शर्मा ने 488 अंकों के साथ सातवां स्थान हासिल कर नगर को गौरवान्वित किया है। वहीं हाईस्कूल की जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में भी संस्था की भूमि सेन ने 482 अंकों के साथ जिले में प्रथम स्थान, अरूण अहिरवार ने 480 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल कर संस्था के साथ साथ जिले का नाम रोशन किया। इसी तरह हायर सैकेण्डरी बोर्ड परीक्षा की जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में शिफा खानम ने कला संकाय में प्रथम स्थान, निहारिका तिवारी ने विज्ञान समूह (गणित) में दूसरा स्थान प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित होने का










अवसर दिया। प्राचार्य उमेशचंद्र यादव ने बताया कि कई छात्र, छात्राओं को एक या दो अंकों के साथ प्रदेश एवं जिले में प्रावीण्य सूची से वंचित होना पड़ा है। इस परीक्षा में संस्था के आदित्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि पिछले चार वर्षों से संस्था के होनहार छात्र-छात्राओं ने प्रदेश एवं जिले की प्रावीण्य सूची में अपना नाम दर्ज किया है। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धी पर विद्यालय परिवार ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उधर रतनबाई स्कूल के विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, लेकिन वे मात्र कुछ नंबरों से प्रदेश एवं जिला प्रावीण्य सूची में आने से रह गए।

## सीनियर सेक्शन इंजीनियर टीआरडी में सुंदर कांड पाठ का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वर्षों की परंपरा को जारी रखते हुए कार्यालय सीनियर सेक्शन इंजीनियर टीआरडी में सुंदर काण्ड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन हनुमान जयंती के पावन अवसर पर किया गया। स्थानीय स्टेशन पर माल गोदाम के समीप स्थित कार्यालय सीनियर सेक्शन इंजीनियर टीआरडी परिसर में टीआरडी विभाग के सौजन्य से आयोजित सुंदर काण्ड पाठ में भारतीय रेलवे के टीआरडी विभाग के अलावा सिग्नल, टेलीकॉम, रेलपथ, आईओडब्लू, परिचालन आदि विभागों के कर्मचारियों के साथ साथ कर्मियों के परिजनों और मित्रों ने भी इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर धर्मलाभ लिया। इस दौरान मौजूद अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भगवान श्रीराम, जानकी और हनुमान जी महाराज के भजनों पर जमकर नृत्य किया। कार्यालय प्रभारी शिवम वर्मा ने बताया कि टीआरडी विभाग में वर्षों से हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सुंदरकांड पाठ के आयोजन की परंपरा के बारे के अधीनस्थ कर्मियों से जानकारी मिली थी। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी सुंदर कांड पाठ एवम भजन संध्या का आयोजन कार्यालय परिसर में कराया गया।

## चुनाव आयोग की टीम ने ग्रामीणों से चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को भारत चुनाव आयोग की केंद्रीय टीम एवं एसडीएम विजय राय ग्राम सेमरी पहुंचे। जहां ने ग्रामीणजनों से बातचीत करते हुए चुनाव संबधी चर्चा की। इस अवसर पर बीएलओ अनूप दुबे के कार्यो की सराहना की गई।

### अज्ञात ट्रक ने टक्कर मारी

**गंजबासौदा।** बुधवार को शाम के समय परमानंद पिता बारेलाल कुशवाहा निवासी वार्ड नंबर 1 अपने काम से घर वापिस जा रहे थे। तभी जय स्तंभ चौराहा क्रॉस होने के बाद तहसील न्यायालय के गेट के सामने एक अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे वह बाल बाल बच गए। इस दुर्घटना में उनकी हीरो स्प्लेंडर बाइक क्रमांक एमपी 40 एमआर 7590 बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद वह पुलिस चौकी भी पहुंचे जहां ड्यूटी पर कार्यरत कर्मचारियों द्वारा उनका कोई सहयोग नहीं किया गया।

### भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा आज

**गंजबासौदा।** भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय प्रत्याशी, जन जन के लाड़ले, बहिनों के लाड़ले भैया, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की जन आशीर्वाद यात्रा का गुरुवार को नगर आगमन शाम 5 बजे हो रहा है। इस अवसर पर यात्रा बैतोली फाटक से त्योंदा रोड, मिल रोड, एकता चौक होते हुए नेहरू चौक पहुंचेगी जहां वे शाम 7 बजे विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी ने सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

### शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में स्वास्थ्य दिवस पर शिविर आयोजित

**गंजबासौदा।** विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर प्राचार्य एमसी शर्मा के मार्गदर्शन में बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय के डॉक्टर बृजेश अहिरवार, डॉक्टर सिंसी कुरियन , डॉक्टर नीतेश अहिरवार, डॉ विजय जाटव विशेष रूप से उपस्थित थे। डॉक्टर सिंशी कुरियन ने कहा कि अपने दांतों और मुंह को स्वस्थ रखने में मदद करने के लिए अपने दांतों को फ्लोराइड टूथपेस्ट से दिन में दो बार लगभग 2 मिनट तक ब्रश करना चाहिए। डॉक्टर बृजेश अहिरवार ने दांतों के प्रकार, बनावट, कार्यों एवं दातों को प्रभावित करने वाली बीमारियों एवं उनके बचाव की जानकारी दी। विद्यालय के छात्र- छात्राओं एवं शिक्षकों के दातों का परीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी दिनेश ओझा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रशांत श्रीवास्तव, वंदना मिश्रा, साधना सोनी, प्रीति सक्सेना, भारती पंथी, भावना अग्रवाल, सचिन खापरे, आलोक नायक उपस्थित रहे।




### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**गंजबासौदा।** ग्राम मांगरोद निवासी 18 वर्षीय अभिषेक आदिवासी ने अज्ञात कारणों के चलते घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया जिसकी जानकारी लगते ही परिजन उपचार के लिये शासकीय जनचिकित्सालय लेकर आए जहां उसका उपचार जारी है।

### बाइक चालक ने टक्कर मारी

**गंजबासौदा।** बरेठ रोड केशव वाटिका के पास रहने वाली 4 वर्ष की बालिका को अज्ञात बाइक चालक टक्कर मारकर भाग गया।घटना के बाद परिजन बालिका को उपचार के लिये शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय लेकर पहुंचे। जहां उसका उपचार जारी है। यहां उल्लेखनीय है कि नगर में यातायात पुलिस की लगातार जांच के बावजूद कई युवा और मनचले तेज आवाज निकालती बाइकों के साथ तेज रफ्तार से गलियों में घूमते रहते हैं। साथ ही जयस्तंभ चौक को छोडकर शेष मार्गों पर भी ऐसे युवा उत्पात मचाते रहते हैं। जिनसे दुर्घटनाओं का भय बना रहता है। नागरिकों ने पुलिस से ऐसे तत्वों की धरपकड कर कार्रवाई की मांग की है।

## भजन संध्या में जमकर नाचे श्रद्धालुगण

# गरजे हनुमान... हिल गए कंगूरे लंका के

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर चक्क स्वरूप नगर स्थित हनुमान मंदिर पर भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें भोपाल और विदिशा से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। जिन्हे सुनकर श्रोता झूमने को मजबूर हो गए। भजनों की रंगा-रंग प्रस्तुति देर रात तक चलती रही। भजन संध्या से पहले मंदिर के भक्तों द्वारा श्री हनुमान जी महाराज का चल समारोह नगर में निकाला गया जो की प्रमुख मार्गो से होते हुए वार्ड नंबर 13 चक्क स्वरूप नगर पहुंचा और मंदिर प्रांगण में उसका समापन हुआ। मंदिर में अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति, हवन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जो की भजन संध्या के साथ देर रात तक चलता रहा। उल्लेखनीय है कि चक्क स्वरूप नगर स्थित हनुमान मंदिर में विराजमान हनुमान जी की दक्षिण मुखी प्रतिमा चार दशक पुरानी बताई जाती है। मंदिर की पूजा करने वाले पुजारी पंडित मनोज शर्मा ने बताया कि वह परिवार की चौथी पीढ़ी के रूप में हनुमान जी की सेवा कर रहे हैं। बरसों पुराने इस मंदिर की स्थापना जमींदार रहे मित्तल परिवार के परिजनों द्वारा की गई थी। मंदिर पर हर माह की पूर्णिमा को बाहर से आए कलाकारों द्वारा संगीतमय भजनों के साथ सुंदरकांड की प्रस्तुति दी जाती है। वहीं शरद पूर्णिमा और हनुमान जन्मोत्सव का उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर एकता चौक से मंदिर तक आने वाली गली को झिलमिल लाइटों से सजाया गया। मंदिर के अलावा अंदर प्रांगण को भी रंगीन लाइटों, कपड़ों और फ्लावर से सजावट की गई। जन्मोत्सव पर उनका विशेष श्रृंगार कर महाआरती



की गई। जन्मोत्सव के मौके पर शाम को कान्हा भैया भजन मंडली के अलावा विदिशा और भोपाल से आए कलाकारों ने भजनों की एक से एक बढ़कर प्रस्तुति दी। भोपाल से आई बाल कलाकार ने जब मंच से गरजे हनुमान हिल गए कंगूरे लंका के... की प्रस्तुति दी तो प्रांगण में मौजूद श्रोता नाचने झूमने मजबूर हो गए और हनुमान जी की जय जयकार, जय श्री राम के नारे लगाने लगे। भजनों के बीच पन्नालाल कुशवाह जब हनुमान का रूप रखकर जय श्री राम बोलते हुए श्रोताओं के बीच से नाचते हुए मंच पर पहुंचे तो श्रोताओं की भीड़ ने जोरदार तालियों से अभिवादन किया। राम जी के भजनों पर हाथ में गदा लिए हनुमान जी मंच पर झूमते हुए ऐसे नाचे की उन्हें देख श्रोता भी अपने आप को नाचने से नहीं रोक पाए।

# मतदान बढाने कहीं बनाई मानव श्रृंखला, तो कहीं हुई थाली सजाओ प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमरी में छात्र-छात्राओं के द्वारा मानव श्रृंखला के माध्यम से मतदाता जागरूकता के संदेशों का संप्रेषण किया गया है। वही शासकीय माध्यमिक विद्यालय कानीखेडी, शासकीय प्राथमिक विद्यालय जीवाजीपुर एवं भसूड़ा मे रैली निकालकर जन जागरण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर संकुल केंद्र प्राचार्य लक्ष्मी देवी प्रजापति, जनशिक्षा केंद्र नौघई प्रभारी ओमप्रकाश रघुवंशी, जनशिक्षक वीरेंद्र दिवाकर, अमित श्रीवास्तव, बीएलओ अनूप दुबे, सैयद लियाकत अली, दीपक नामदेव, सपना शर्मा, भगवती अहिरवार, प्रधानाध्यापक प्रज्ञानंद जाटव, पूनम रघुवंशी, मोनिका विजोले, अक्षर साथी काजल नामदेव, शबाना खान, सीताराम रघुवंशी, राहुल रघुवंशी, सायना मंसूरी, शीतल परिहार, राजेश रघुवंशी सहित आंगनबाडी कार्यकर्ता सलमा बी, उषा सेन, रेखा विश्वकर्मा, पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष फेरन सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। उधर शासकीय प्राथमिक शाला कालापठार मे अनूठी स्पर्धा हुई। मां नर्बदा स्वसहायता समूह कालापठार की महिलाए और रसोईयों द्वारा थाली सजाई गई। जिसमें मतदान बढ़ाने हेतू चित्र बने हुए थे। उक्त चित्रों को जिसमें चना, मसूर, मूंग, तुअर की विभिन्न दालों, आटा, चावल, बेसन से सजाया गया था। साथ ही कुछ महिलाओं ने विभिन्न सब्जियों से थालियों को सजाकर मतदान बढ़ाने हेतू प्रेरित किया गया था। शिक्षक पंचायत सचिव और




छात्रों की चयन समिति बनाई गई थी और प्रथम आने पर गुलाब बाई एवं द्वितीय पूजा लोधी को सम्मानित किया गया।

सर्व प्रथम पीले चावल देकर और शाला द्वारा छपबाये गये पम्पलेट देकर बाल कैबिनेट द्वारा मतदान बढ़ाने हेतू प्रेरित किया गया। छात्राओं द्वारा शाला में रंगोली बनाई गई। शाला प्रभारी प्रथ्वी सिंह रघुवंशी, सचिव चतुर्भुज सोनी द्वारा मतदान क्यों आवश्यक है ग्रामीणों को समझाया गया। इस मौके पर शिक्षक गोपालदास अहिरवार, रानी रघुवंशी, समूह अध्यक्ष गंगा सेन, ओमवती लोधी, आरती अहिरवार, स्वाति अहिरवार, लालू प्रसाद लोधी सहित विद्यार्थी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### निर्वाचित प्रतिनिधि नहीं बन सकेंगे उम्मीदवारों के मतदान व मतगणना एजेंट

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग ने किसी निर्वाचन में केन्द्र व राज्य सरकार के मंत्रियो और सांसदो, विधानसभा एवं विधान परिषदो के सदस्यों तथा राज्य का सुरक्षा कवर प्राप्त किसी अन्य व्यक्ति को चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारो के निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ता बनाने पर रोक लगाई है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ रहने वाले सुरक्षा कर्मियों को मतदान केन्द्र एवं मतगणना केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा सकती है और न ही उनकी सुरक्षा को उनके सुरक्षा कर्मियो की अनुपस्थिति में खतरे में डाला जा सकता है। आयोग के मुताबिक सुरक्षा कवर वाले किसी व्यक्ति को निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ता बनाने के लिए सुरक्षा कवर वापस करने की अनुमति भी नही दी जा सकती है।

### क्रिटिकल बूथों पर तैनात किए जाएंगे माइक्रो आब्जर्बर

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा का स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने बेबकास्टिंग या सीसी टीव्ही कैमरों से नजर रखने के अलावा प्रत्येक क्रिटिकल बूथ पर माइक्रो आब्जर्बर भी तैनात करने के निर्देश दिये हैं । निर्वाचन आयोग के निर्देश हैं कि गैर सीएपीएफ उपायों में एक के रूप में माइक्रो आब्जर्बर को भी मतदान के दिन महत्वपूर्ण मतदान केंद्रों के लिये नियुक्त किया जा सकता है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक माइक्रो आब्जर्बर क्रिटिकल बूथों पर मतदान के दिन की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखेगा। उसका कार्य यह देखना है कि निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष और स्वतंत्र रीति से चले तथा मतदान प्रक्रिया दूषित न हो। निर्वाचन आयोग के मुताबिक माइक्रो आब्जर्बर मतदान के दिन निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक के निरंतर सम्पर्क में रहेंगे तथा मतदान को प्रभावित करने सकने वाली प्रत्येक गतिविधि की सूचना सीधे मोबाइल फोन या वायरलेस या संचार के अन्य किसी साधन से सामान्य प्रेक्षक को देंगे।

### गर्मी की तपिश के बीच देसी फ्रिज की बढ़ी मांग, खूब हो रही बिक्री

# अप्रैल माह समाप्त होने से पहले ही जून जैसी भीषण गर्मी का एहसास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

गर्मी के दस्तक देते ही गरीबों के लिए देसी फ्रीज यानी मिट्टी के घड़े और सुराही आदि की मांग बढ़नी शुरू हो जाती है। नया बस स्टेंण्ड पर स्थित तालाब किनारे व लटेरी नाका सहित शहर के अनेको स्थानों पर बिकने वाले देसी फ्रिज खरीदने के लिए प्रतिदिन लोगों की भीड़ लग रही है। इस बार मटके के दुकान पर भी महंगाई का असर देखने को मिला। मटके के बढ़े दाम का असर इस बार गरीबों जेब पर भी पड़ रहा है। हालांकि महंगाई के बारे में थोड़ी देर सोचने के बाद नागरिक अपने बजट के अनुसार छोटे साइज़ की घड़े खरीद कर अपने घर ले जा रहें है।

इन दिनों 40 डिग्री सेल्सियस तक पारा पहुंच चुका है। ऐसे में गर्मी की तपिश से गला तर करने के लिए लोग मिट्टी के घड़े और सुराही आदि की खरीदारी करने में लगे हैं। फिलहाल फ्रिज अथवा कूलर की बिक्री में बढ़ोत्तरी हो या न हो, लेकिन मिट्टी से बने इन बर्तनों की बिक्री में अच्छी-खासी बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। यही वजह है कि इन दिनों बाजारों में जगह-जगह मिट्टी के घड़े आदि बिकते नजर आ रहे हैं। गर्मी का मौसम आते ही आम आदमी को गर्मी से निजात पाने के लिए तमाम वस्तु की आवश्यकता महसूस होने लगी है।



हालांकि अभी विगत कुछ दिनों से मौसम में हो रहें परिवर्तन के चलते गर्मी की तपिश भी कम ज्यादा हो रही है। फिर भी लोगों ने गर्मी के लिए सभी व्यवस्थाएं बनाना शुरू कर दिया। एक ओर गरीब तबके का व्यक्ति गले को तर करने के लिए घड़े की खरीददारी कर रहा है। तो वही कुछ लोग गर्मी के दिनों में फ्रिज का पानी पीने की बजाए मटके के पानी से गला तर करना ज्यादा पसंद करते हैं। घड़े में एक तो मिट्टी का सोंधापन होता है, दूसरे उसके पानी की तासीर अलग ही होती है। मटके का पानी गला भी खराब नहीं करता। मटकों और सुराही की कीमत पचास रुपये से दो सौ रुपये की कीमत में बिक रहे हैं। सामान्य और छोटे मटके कम कीमत में तो टोंटी नल लगे मटकों व सुराही की ज्यादा कीमत रहती है।

### 80 फीसदी ग्रामीण ले रहे मटके का सहारा

*बता दें कि 80 फीसदी ग्रामीण इलाकों में ज्यादातर लोग अभी भी मटके का ही पानी पीते हैं। बड़े-बुजूर्गों का मानना है कि फ्रिज के पानी के मुकाबले मटके के पानी की तासीर ज्यादा ठंडी होती है। साथ ही मटके के पानी का अलग ही स्वाद होता है। मटके का पानी पीने से सर्दी-गर्मी की भी शिकायत नहीं होती। लोगों की पसंद को ध्यान में रखते हुए मटकों को स्टाइलिश लुक भी दिया जा रहा है। सुराही भी नए ढंग से तैयार की जा रही है।*

### पाचन शक्ति रहती है अच्छी

*विशेषज्ञों के अनुसार गर्मी में मटके का पानी जितना ठंडा और सुकूनदायक लगता है, स्वास्थ्य के लिए भी उतना ही फायदेमंद भी होता है, पाचन शक्ति अच्छी होती है। प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। सबसे अच्छी बात यह है कि मटका आरओ का काम करता है। वैसे आज के दौर में लोग फ्रीज का पानी ज्यादा पीते हैं, लेकिन अब भी काफी लोग मटके का पानी ठीक समझते हैं। ग्रामीण क्षेत्रो से लेकर शहर क्षेत्र में भी ऐसे कई लोग है जिन्हें अभी भी मटके का पानी रास आ रहा है।*

### वाल पेंटिंग एक्जीविशन का आयोजन

# सभी प्रकार के खतरों से पृथ्वी की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है: श्वेता आनन्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के केडीबीएम इंटरनेशनल स्कूल में पृथ्वी दिवस पर वाल पेंटिंग एक्जीविशन का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के एक दीवाल पर सेव अवर अर्थ पर आधारित पेंटिंग के लिए सुरक्षित रखा गया। जहां बच्चों द्वारा वर्ष भर बनायी गयी पेंटिंग लगाई जायेगी जो हमेशा छात्रों को याद दिलाएगी कि हमें अपनी पृथ्वी को बचाने के लिए स्वयं के आदतों में परिवर्तन करना है। पृथ्वी दिवस के इस मौके पर, स्कूल के किंडर गार्डन और प्राथमिक छात्रों को एक सेव अर्थ पर आधारित फिल्म दिखाई गई, जिसमें बच्चों को धरती बचाओ, जीवन बचाओ का संदेश दिया।

### प्रथाओं को अपनाने के लिए किया प्रोत्साहित

इस अवसर पर स्कूल की डायरेक्टर श्वेता आनंद त्यागी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण आदि जैसी पर्यावरणीय चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाए। व्यक्तियों को प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने और जैव विविधता को बढ़ावा देने वाली स्थायी प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करें। लोगों को अपशिष्ट को कम करने, ऊर्जा और



पानी का संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा पहल का समर्थन करने और संरक्षण प्रयासों में भाग लेने जैसे ठोस कदम उठाने के लिए प्रेरित करें। पृथ्वी को सुरक्षित रखना है तो प्लास्टिक उपयोग छोड़ना पड़ेगा। पर्यावरण का सरंक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है। वही प्राचार्य मनोज तिवारी ने कहा कि मानव स्वस्थ जीवन पर्यावरण संतुलित होने पर ही संभव है। ऐसे विद्यार्थी पर्यावरण हित में कार्य करें तथा अपने अभिभावक को भी पर्यावरण संरक्षण के लिये प्रेरित करे। पेंटिंग बनाने वाले छात्र प्राची चौरासिया, हितेशी श्रीवास्तव, मीरा, प्रत्यंछा रघुवंशी, फ़ातिमा इरशाद, पलक राजपूत, वंशिका बघेल, जिनेली जैन, आरना जैन, खुशबू विश्वकर्मा, कार्तिक चौरासिया, अकसा खान, आइसा खान आदि छात्र-छात्राए मौजूद रही।

# नच बलिये सीजन 11: डांस सिंगिंग, फैशन शो व मेधावी छात्राओं का सम्मान जून में

**सागर।** मनवानी फिल्म्स द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नच बलिये सीजन 11 का मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है संस्था डायरेक्टर राजेश मनवानी ने बताया की इस प्रतियोगिता में 5 से 30 वर्ष तक के युवा युवतियां भाग ले रहे है । एवं सिंगिंग प्रतियोगिता में 30 से 65 वर्ष तक प्रतिभागी भाग ले सकते है मनवानी फिल्म्स के संयोजक समाजसेवी डॉ. सुरेशचंद रावत, सुरेश मोहनानी, मनोज जैन (ढोलक), चंद्रकांत भाई पटेल ने बताया की युवाओ के आकर्षण हेतु नच बलिये डांस सिंगिंग, फैशन शो एवं ग्रुप डांस का मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । सागर शहर व आसपास की उभरती प्रतिभाओ को मंच प्रदान किया जायेगा इसमें जहा युवा अपनी मधुर वाणी




और कंठ से सुर ताल लय की प्रस्तुतिया देकर प्रशस्ति पत्र प्राप्त करेंगे। डायरेक्टर राजेश मनवानी ने बताया की इस महत्पूर्ण आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त सामाजिक कार्यकर्ताओ, पत्रकारों का सम्मान एवं अलंकरण भी डॉ. हरिसिह गौर की नगरी में रविंद्र भवन में किया जाएगा।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत भाषण प्रतियोगिता

### सेल्फी प्वाइंट पर छात्रों ने खिंचवाए फोटो, प्राचार्य ने छात्रों को दिलाई मतदाता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए महाविद्यालय में गठित ईएलसी क्लब के प्रभारी प्रोफेसर संघ प्रिय गौतम एवं ईएलसी के सदस्यों द्वारा मतदाता जागरूकता के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी अनुक्रम में महाविद्यालय में सेल्फी प्वाइंट बनाया गया। जिसमें विद्यार्थी एवं स्टाफ ने अपने फोटो खींचकर अपने फेसबुक, ट्विटर इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर मतदाताओं को



आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरुक किया। इसके साथ ही महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एनएसएस, एनसीसी एवं अन्य छात्र छात्राओं ने सहभागिता की। इसके पश्चात लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए लोकसभा निर्वाचन में अपने मत का प्रयोग करने हेतु विद्यार्थियों एवं स्टाफ को मतदाता शपथ दिलवाई गई। प्राचार्य डॉ लालचंद राजपूत ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियां लगातार आयोजित की जा रही है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में विभिन्न कार्यों से आने वाले प्राइवेट छात्र एवं अभिभावकों को भी अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जी का फूलों से हुआ अभिषेक



**बरेली।** हनुमान जयंती पर नगर के संकट मोचन हनुमान मंदिर में प्रातः से हनुमान भक्तों की पूजन दर्शन करने प्रसाद चढ़ाने भक्तों की भारी उपस्थिति बनी रही। मंदिर समिति के सचिव राधेश्याम पालिवाल ने बताया कि हनुमान भक्तों द्वारा मंत्रोशारण के साथ हनुमान जी का फूलों से विशेष अभिषेक किया गया। मंदिर प्रांगण में लगातार अखंड रामायण पाठ का आयोजन चल रहा हैं। अभिषेक कार्यक्रम में भक्तों की परिवारों के सदस्यों साथ के उपस्थिति रही।

# खरीदी केंद्रों पर गेहूं की पिछले साल से कम हुई आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

इस वर्ष क्षेत्र में बने समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों पर गेहू की आवक बहुत कम हो रही हैं। मंडी में चना का भाव समर्थन मूल्य से अधिक और गेंहू के भाव भी समकक्ष के बराबर होने का असर समर्थन मूल्य खरीदी पर पड़ रहा हैं।इस वर्ष बारिश मजदूरो की बाधाओं के कारण भारी विलंब से गेंहू की समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू हो पाई हैं।

किसानों द्वारा अपना उत्पादित गेंहू , आवश्यकतानुसार अपने पास रख कर बचा सम्पूर्ण गेंहू , समर्थन मूल्य पर बेच तौला जाने की परंपरा हैं। सबसे अधिक गेंहू की उत्पादन बाड़ी , बरेली क्षेत्र में होता हैं। इसी कारण सबसे अधिक खरीदी केंद्र बना कर प्रतिवर्ष लाखों का गेंहू की खरीद की जाती हैं। नागरिक आपूर्ति निगम के लिए क्षेत्र की सहकारी संस्थाओं द्वारा चना गेंहू की खरीद के लिए बने केंद्रों पर जिस प्रकार चना की आवक नगण्य और गेंहू की बहुत कम आवक हो रही हैं। उससे सहकारी संस्थाओं के प्रबंधक , केंद्र प्रभारी चिंताग्रस्त बने नजर आ रहे हैं।

### गेंहू चना उत्पादन में कमी

गेंहू , चना की बोवनी से लेकर कटाई तक बार - बार मौसम बदलने बादल छाये , बारिश की



प्राकृतिक आपदा बनी रही । इसी माह कटाई के दौरान एक सप्ताह तक बारिश ने चना गेंहू की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया इसी के असर से प्रति एकड़ चना गेंहू के उत्पादन में गिरावट आने से किसानों को भारी आर्थिक नुकशान की स्थिति बनी हैं। चना के भाव मंडी में समर्थन मूल्य से अधिक एवं गेंहू के भाव समर्थन मूल्य कें आसपास रहने से किसान प्रतिदिन भारी मात्रा उपज मंडी में ला रहे हैं। दूसरा कारण समर्थन मूल्य पर उपज बेच कर हफ्तों भुगतान का इंतजार करना पड़ता हैं। मंडी से किसानों को भुगतान मिलना आसान रहता हैं।

# सामूहिक कन्या विवाह के साथ संपन्न हुआ यज्ञ

**विदिशा।** ग्राम सतपाड़ा सराय में कथा वाचक पंडित मुन्नालाल जी शास्त्री के सानिध्य में चल रहे तुलसी सालिगराम विवाह महोत्सव हुआ। कार्यक्रम संयोजक एड. मुकेश शर्मा ने बताया कि कल 23 तारीख को यज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर भगवान शालिगराम तुलसी महारानी के साथ अन्य कन्याओं के विवाह भी हुए। इस अवसर पर श्री राम जानकी मंदिर से भगवान शालिगराम की बारात प्रारंभ हुई। मुख्य यजमान बलवीर सिंह शिवराज सिंह यादव एवं उनके संबंधितयों द्वारा दूल्हा बने भगवान के साथ अन्य सभी दुल्हों का भी तिलक लगाकर अगवानी की। मंच पर सामुहिक वरमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भंडारे का आयोजन किया गया। यज्ञ आचार्य पं. सुधीर दुबे वृन्दावन ने बताया कि पिछले बारह वर्षो से उक्त आयोजन शास्त्री जी एवं उनके यजमानों के द्वारा निरंतर चल रहा है। इस दौरान मुख्य यजमान प्रकाश रघुवंशी, नन्नू लाल, मोती सिंह, कमल सिंह, हरनाम सिंह, सुरेश झा, रामचंद्र, गजेंद्र सिंह, रमेश ,कमलेश सेन, विवेक शर्मा, कृष्णा हृदयांश आदि मौजूद रहे।

# 96 रोगियों का नि:शुल्क परामर्श व परीक्षण



**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 128वा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 96 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श डॉ. राजेश शुक्ला द्वारा दिया गया, योग परामर्श, आयुर्वेद एवं आहार का आयुर्वेद संबंधित सामग्री निःशुल्क वितरित की गई शिविर में 31 रक्तालप्ता, 65 रक्त शर्करा (एचबी-1एसी), बी.एम.डी. (बोन मिनिरल डेनसिटी) की जांच की गई। चांदपुर, टीला बुजुर्ग, रजाखेड़ी, मकरोनिया, बहेरिया, विश्वविद्यालय एवं विभिन्न अंचलों के लोग शामिल हुए। इस शिविर में संजय गुप्ता, अजय दुबे, आर.के. रावत, वीरेन्द्र गोस्वामी, सत्येश शुक्ला का विशेष सहयोग रहा। शिविर का आयोजन शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र, 5 सिविल लाइंस सागर में किया गया है। आगामी शिविर का आयोजन 22 मई को किया जायेगा।

# बिना रायल्टी रेत, गिट्टी,कोपरा, मिट्टी का हो रहा परिवहन, खनिज विभाग ने पकड़े गिट्टी से भरे डंपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

खनिज विभाग की गतिविधियां जिला मुखयलाय के आस -पास बनी रहती है। जबकि देवरी , उदयपुरा , बरेली , बाड़ी, तहसीलों के नर्मदा तटों के दर्जनों स्थानों से नर्मदा मैया की रेत का मनचाहे स्थानों से खनन , बिना रायल्टी ओवर लोड डंफरों ट्रेक्टर टालियों से दिन -रात बेखौफ परिवहन का सिलसिला बना हुआ हैं। खनिज विभाग की टीम ने बाड़ी के पास नागिन मोड़ पर दो गिट्टी से भरें डंफरों को रोका , डम्फर



चालक गिट्टी की रायल्टी संबंधी दस्तावेज न दिखा पाने से जब्ती की कार्रवाई की गई । क्षेत्र के नर्मदा तटों से मनचाहे स्थानों पर प्रतिबंध के बाद भी मशीनों का उपयोग कर नर्मदा रेत का अवैध उत्खनन और बिना रायल्टी परिवहन का खेल चल रहा हैं। गर्मी के दिनों में भवन , सड़क निर्माण के कार्य अधिक होते हैं जिससे नर्मदा , रेत , गिट्टी , पीली मिट्टी और कोपरा की मांग अधिक बनी रहती हैं। नर्मदा तटों से प्रतिदिन डम्फरों ट्रैक्टर- ट्रालियों से रेत , खेतों की पीली मिट्टीका भारी परिवहन होने से खनिज विभाग को रायल्टी राजस्व की भारी हानि हो रही हैं।

### नहीं मिले रायल्टी दस्तावेज

फोरलेन पर एवं नर्मदा तटवर्ती ग्रामीण सड़कों पर रेत से भरे ओवर लोड डंफरों , ट्रेक्टर ट्रालियां की आवागमन बनी रहती हैं। जिससे ग्रामीण मार्ग क्षतिग्रस्त और गड्डों में तब्दील हो रहे हैं। पिछलें वर्ष बगलवाड़ा मार्ग रेत के वाहनों के आवागमन से अत्याधिक क्षतिग्रस्त और गड्डों में तब्दील होने से लाखों की राशि खर्च कर निर्माण हो रहा हैं। खनिज निरीक्षक अर्चना ताम्रकर ने जब ओवर लोड गिट्टी से भरे डम्फरों के चालकों से रायल्टी सम्बधी दस्तावेज मांगे तो नहीं दिखा पाने के कारण उन्हें जब्त कर थाने में खड़ा किए जाने की कार्रवाई की गई । बिना रायल्टी गिट्टी परिवहन पर खनिज विभाग के नियमों के अनुसार जुर्माने की कार्यवाही की जाएगा।

# सरकार ने अनेक लोगों को नौकरी से निकालने का काम किया है, देश में बेरोजगारी बढ़ गई है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

ग्राम महूठा में पूर्व विधायक कुणाल चौधरी ने कांग्रेस प्रत्याशी गुड्डा राजा बुंदेला के पक्ष में चुनावी सभा की।

उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार देने की बात करने वाली सरकार ने अनेक लोगों को नौकरी से निकालने का काम किया है,देश में बेरोजगारी बढ़ गई है। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य के नाम पर किए गए वादों से मुकरने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आप गेंहू , धान , गैस सिलेंडर आदि झूठी गारंटी का जवाब भाजपा नेताओं से लें। कांग्रेस सरकार में गरीब को 35



किलो अनाज मिलता था अब पांच किलो मिल रहा है। ट्रेनों में जनरल डिब्बों को हटाकर एसी कोच लगाए जा रहे हैं जिससे गरीब वर्ग को यात्रा करने में परेशानी हो रही है। अभी तक के कितने भाजपा सांसदों ने आपके क्षेत्र में कितना विकास किया है सांसद की राशि में जमकर भ्रष्टाचार किया है भाजपा सांसदों की आय बड़ गई है उनकी संपत्ति बड़ गई है। केन्द्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही। इस अवसर पर पूर्व मंत्री प्रभू सिंह ठाकुर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, कांग्रेस नेता सिंधू विक्रम सिंह, शशि भूषण बुंदेला, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष वैभव भारद्वाज , विधानसभा प्रभारी राव राजा बुंदेला, चेतन विक्रम सिंह, रमेश तिवारी, सोनू यादव, धनराज धाकड़, पंचम सिंह किरार, कुलदीप रत्नाकर, मनोज कुशवाह, आशीष जैन, सुनील यादव, पप्पू धाकड़,सूरज शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## आर्थिक संकट से गुजर रहा काम कर रहे कर्मचारियों का परिवार

# गौशाला में काम कर रहे कर्मचारियों को 11 महीने से नहीं मिला है वेतन

◆ सीईओ बोली मेरे संज्ञान में मामला नहीं आया है शीघ्र ही पेमेंट हो जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

ग्राम पंचायतो में लाखो रुपए से निर्मित गौशालाओ में गौवंश की देख रेख के लिए तैनात किए गए कर्मचारियों को प्रत्येक माह समय पर भुगतान नही मिल पा रहा है, फलस्वरुप इन कर्मचारियो के समक्ष रोजी रोटी का संकट खड़ा होता जा रहा है। जबकि जनपद पंचायत की सीईओ ने कहा कि मेरे संज्ञान में मामला नही आया है शीघ्र ही कर्मचारियों का पेमेंट हो जाएगा।

मामला ग्राम पंचायत सांईखेड़ा का है। सड़को पर भटकती गौवंश को सुरक्षित रखने के लिए यहां पर करीब 38 लाख रुपए की लागत से गौशाला का निर्माण कराया गया था। गौवंश की देखरेख करने आदि कार्यो के लिए 3 कर्मचारी नारायण सिंह, गणेश आदिवासी तथा महेंद्र रघुवंशी को ग्राम पंचायत के द्वारा तैनात किया गया था। लेकिन इन कर्मचारियो को बीते करीब 11 माह से भुगतान ग्राम पंचायत के द्वारा नही किया जाना बताया गया है।

उक्त कर्मचारियों के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। गौशाला में 1 सौ गौवंश को रखने व्यवस्था है लेकिन वर्तमान में करीब 2 सौ गौवंश को रखा है। इस गौवंश की देखरेख करने, पानी पिलाने, इलाज, भोजन आदि की जिम्मेदारी उक्त कर्मचारियों पर है, लेकिन यह कर्मचारी 11 माह से वेतन पाने के लिए दर दर भटक रहे है।



### कर्मचारी लगा चुके है गुहार-

*11 माह से वेतन का भुगतान ना होने से परेषान कर्मचारी सरपंच से लेकर जिला पंचायत सीईओ तक आवेदन देकर गुहार लगा चुके है, लेकिन किसी ने भी उनकी परेशानी का निराकरण करने की जहमत नही उठाई। जिसके चलते उक्त कर्मचारी परिवार का पालन पोषण करने में असहाय बने हुए है।*

### नही हो पा रहे निर्माण कार्य-

ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य नही होना भी बताया जा रहा है । सूत्र बताते है कि पंचायत में चल रहे आपसी विवाद के कारण प्रशासन के द्वारा करीब 6 माह से डीएससी पर रोक लगा दी गई है। जिसके चलते बैंक खाते से राशि का आहरण नही हो पा रहा है। राशि का आहरण ना होने से निर्माण कार्यो पर भी ब्रेक लगना बताया जा रहा है।

### गौशाला के रखरखाव के लिए नही मिली राशि

» गौशाला के रखरखाव के लिए बीते लगभग एक साल से ग्राम पंचायत को कोई भी राशि नहीं मिली है। गौशाला का ट्यूबवेल भी सूख गया है, टेंकरो से पानी की व्यवस्था करना पड़ती है।

**- माधव सिंह रघुवंशी,** सरपंच ग्राम पंचायत सांईखेड़ा

### शीघ्र ही भुगतान हो जाएगा

» कर्मचारियो को 11 माह से भुगतान ना मिलने का मामला मेरे संज्ञान में नही आया है, सरपंच, सचिव का कोई इश्यू हो सकता है, शीघ्र ही कर्मचारियो का पेमेंट हो जाएगा।

**-नीलम रायकवार,** सीईओ, जनपद पंचायत सिलवानी।




# क्षतिग्रस्त हुआ कर्क रेखा पॉइंट विभाग नहीं ले रहा है कोई सुध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांची

भारत के मानचित्र में कर्क रेखा का अपना एक स्थान है कर्क रेखा से यह पता चलता है कि हम भारत के किस हिस्से में है और कहां चल रहे हैं और इस पहचान को कायम रखने के लिए कर्क रेखा का पॉइंट भोपाल विदिशा मार्ग पर बरखेड़ी चौराहे से थोड़े आगे बनाया गया है कर्क रेखा यहां से होकर गुजरती है।

सड़क से आने जाने वाले लोग यहां रुक कर कर्क रेखा पॉइंट को देखते हैं एवं सेल्फी लेते हैं और भारत के मानचित्र में भी इसको देखते हैं, परंतु लंबे समय से यह पॉइंट बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। पुरातत्व विभाग द्वारा इसकी मरम्मत के लिए कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है अब यहां लोग सेल्फी लेने से भी कतराने लगे हैं। यदि समय रहते इस कर्क रेखा पॉइंट का ध्यान नहीं दिया गया तो यह अपनी पहचान धीरे-धीरे खो देगा।

**अपनी पहचान खोता जा रहा कर्क रेख पॉइंट**




कर्क रेखा पॉइंट के आसपास व्यापार करने वाले छोटे-बड़े दुकानदार बताते हैं कि बिंदु के क्षतिग्रस्त होने के बाद यहां से आने जाने वाले लोग अभी यहां कम रुकते हैं। पहले लोग बड़ी संख्या में रुकते थे और दुकानदारों का थोड़ा सा धंधा भी होता था, लेकिन अब कर्क रेखा पॉइंट अपनी पहचान खोता जा रहा है। अब इस बिंदु को मरम्मत की दरकार है।

## 6 मई को गुरु होंगे अस्त 81 दिन के लिए लगेगा शादियों में ब्रेक

**सिलवानी।** 24 अप्रैल को शुक्र मेष राशि में प्रवेश कर गया, यहां पहले से ही सूर्य का गोचर हो रहा है और मेष राशि में प्रवेश करते ही शुक्र अस्त हो गया, शुक्र 7 जुलाई तक अस्त रहेंगे व 7 जुलाई को उदय होने के बाद भी 10 जुलाई तक बाल्यत्व दोष के दायरे में रहेंगे, इस बीच 6 मई को गुरु भी वृष राशि में अस्त होंगे और 4 जून को उदय होंगे, अगले 81 दिन शादियों के लिए कोई शुभ मुहूर्त नहीं है। अब 10 जुलाई तक शादियां बंद रहेंगी। शुक्र और गुरु दोनों ही ग्रह मांगलिक कार्यों के लिए शुभ होते हैं और यदि ये दोनों ग्रह अस्त हों तो मांगलिक कार्य नहीं किए जाते, शुक्र के अस्त होने का विचार खास तौर पर शादी के लिए किया जाता है, क्योंकि शुक्र को ही ज्योतिष में शादी का कारक ग्रह माना जाता है।

## क्रिटिकल मतदान केन्द्रों की सीसीटीवी कैमरों से होगी लाइव वेबकास्टिंग

**रायसेन।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 अंतर्गत द्वितीय चरण में होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में शामिल जिले के उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष और सुचारू रूप से सम्पन्न कराई जाएगी। उदयपुरा विधानसभा के क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जाने वाली लाईव वेबकास्टिंग की निगरानी हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे के निर्देशन में जिला स्तर पर वेबकास्टिंग कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

# जंगल में बाबा की पूजा करने गए लोगों पर मधुमक्खियों का हमला

**मधुमक्खियों के हमले में 15 लोग घायल, अस्पताल में कराया भर्ती**



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिले के धाराखोह के जंगल में धाराखोह बाबा की पूजा करने गए 15 लोगों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जिसे सभी घायल हो गए। घायलों को घोड़ाडोंगरी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। घोड़ाडोंगरी अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार भोपाल इटारसी एवं सारणी के करीब 40 से 50 लोग धाराखोह के जंगल में धाराखोह बाबा की पूजा करने गए थे। इसी दौरान खाना बनाने के लिए चूल्हा जलाया गया था। चूल्हे का धुंआ जैसे ही पेड़ पर लगी मधुमक्खियों के छाते पर पहुंचा, तो मधुमक्खियों ने लोगों पर हमला करना शुरू कर दिया। जिस पर लोगों ने गांव की ओर भाग कर अपने आप को बचाई। वही मधुमक्खियों के हमले से 15 लोग घायल हो गए। जिन्हें घोड़ाडोंगरी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है।

### धाराखोह बाबा की पूजा करने पहुंचते हैं लोग

ग्रामीण सुरेंद्र राजपूत ने बताया कि धाराखोह बाबा की पूजा करने सारनी और भोपाल,बैतूल और इटारसी सहित आसपास के लोग बड़ी संख्या में पहुंचते है। रविवार शाम को भी करीब 40 से 50 लोग यहां पहुंचे थे। जिन पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। लोगों ने अपने आप को गांव की ओर भाग कर बचाई। हमले में करीब 15 से अधिक लोग घायल हो गए। 15 घायल अस्पताल पहुंचे वहीं कुछ लोग सीधे घर चले गए।

*घर में बाहर से ताला डालकर छुपा बैठा था हत्या का आरोपी, पुलिस दीवार फांदकर घर में घुसी, किया गिरफ्तार*

# पुलिस को मिली बड़ी सफलता 24 घंटे में ही हत्या के दोनों आरोपी गिरफ्तार

◆ दूसरे आरोपी को कालिटोर पिपरई के जंगल से पकड़ा

◆ बुधवार को दोनों आरोपियों को न्यायालय में किया पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर



फॉलोअप

बारात में नाचते समय धक्का मुक्की में हुए हत्याकांड के दोनों आरोपियों को 24 घंटे के अंदर ही पकड़ने में सलामतपुर पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। गौरतलब है कि सोमवार रात्रि में दीवानगंज फैक्ट्री चौराहा पर सेऊ नटेरन से आई दूल्हा यशपाल अहिरवार की बारात लग रही थी। जिसमें डीजे की धुन पर दूल्हा पक्ष के बाराती डांस कर रहे थे। जिसमें दुल्हन पक्ष के लोग भी शामिल होकर डांस करने लगे। इसी दौरान दूल्हा पक्ष के लोगों को धक्का लग गया। इस बात पर दुल्हन पक्ष के लोगों और बारातियों के बीच मारपीट हो गई। दो युवकों जिनमें संजू पिता गणेशराम अहिरवार और विशाल पिता पप्पू अहिरवार ने चाकू निकालकर बारातियों पर हमला कर दिया। जिससे दूल्हे का ओमप्रकाश अहिरवार की मौत हो गई थी, जबकि तीन अन्य दशरथ, अजय और शिवराज बाराती घायल हो गए थे। जिनको भोपाल रेफर किया गया है। वहीं एक युवक ओमप्रकाश की मौत होने के बाद सलामतपुर पुलिस ने दोनों युवकों संजू अहिरवार और विशाल अहिरवार के खिलाफ 302, 307, 34 आईपीसी का प्रकरण दर्ज कर उन्हें 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक संजू अहिरवार दुल्हन गंगा अहिरवार के बुआ का लड़का है।

### एक आरोपी को घर और दूसरे को जंगल से किया गिरफ्तार

हत्या के दोनों आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से भाग गए थे। पुलिस ने एक आरोपी संजू को उसके घर से गिरफ्तार किया है। आरोपी संजू घर में बाहर से ताला डालकर अंदर छुप गया था। पुलिस को शक हुआ तो पुलिस घर की दीवार फांदकर अंदर घुसी जहां पर संजू अहिरवार छुपा हुआ मिल गया।

वहीं दूसरा आरोपी विशाल अहिरवार कालिटोर पिपरई के जंगल में छुप गया था। जहां से पुलिस ने उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। दोनों ही आरोपियों को बुधवार के दिन रायसेन न्यायालय में पेश किया गया है।

थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

### इनका कहना है।

रायसेन पुलिस अधीक्षक विकाश शाहवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे और एसडीओपी प्रतिभा शर्मा के दिशा निर्देशन व मार्गदर्शन में ओमप्रकाश अहिरवार की हत्या के दोनों आरोपियों संजू अहिरवार और विशाल अहिरवार को 24 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता मिली है। बुधवार को दोनों आरोपियों को रायसेन न्यायालय में पेश किया है।

**- दिनेश सिंह रघुवंशी,** थाना प्रभारी सलामतपुर।

## सांची मार्ग पर पति-पत्नी का हुआ विवाद

**रायसेन।** शहर के सांची मार्ग पर स्थित शीतल गार्डन कॉलोनी के पास पति पत्नी के विवाद में पति द्वारा अपनी पत्नी के साथ मारपीट की गई। इसी दौरान मौके से गुजर रही एसडीओपी प्रतिभा शर्मा ने इस विवाद को देखकर अपना वाहन को रकवाया और पति को समझाने का प्रयास किया। लेकिन इसके बाद भी पति अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता रहा।

जिस पर एसडीओपी प्रतिभा शर्मा ने थाना कोतवाली पुलिस को बुलाकर दोनों पति पत्नी को थाने भिजवाया। उन्होंने घरेलू विवाद की जांच किए जाने के निर्देश अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों को दिए हैं। थाना कोतवाली पुलिस ने बताया की घरेलू विवाद के इस मामले में जांच जारी है।

# नरवाई में आग लगाने पर लगा है प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अरविंद दुबे द्वारा सम्पूर्ण जिले की सीमा में खेत में खड़े धान, सोयाबीन के डंठलों (नरवाई) में आग लगाने पर तत्काल प्रभाव से दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रतिबंध लगाया है। यह प्रतिबंध आगामी दो माह तक जिले की राजस्व सीमा में प्रभावशील रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन धारा 188 के अंतर्गत दंडनीय होगा।

उल्लेखनीय है कि जिले की राजस्व सीमा में धान, सोयाबीन की फसल की कटाई के पश्चात अगली फसल के लिए खेत तैयार करने के लिए बहुसंख्यक किसानों द्वारा अपनी सुविधा के लिए खेत में आग लगाकर धान, सोयाबीन के डंठलों को नष्ट कर खेत साफ करते है। आग लगाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

## अप्रैल-मई का तापमान औसत तापमान से अधिक होने की संभावना

# लोगों को लू के प्रकोप से बचाव के लिए मौसम विभाग ने बताए उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

भारतीय मौसम विभाग ने चल रहे मौसमी दृष्टिकोण को देखते हुए प्रदेश सहित समस्त मध्य भारत में अप्रैल-मई का तापमान औसत तापमान से अधिक होने की संभावना व्यक्त की है। इसके कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में लू की स्थिति निर्मित हो सकती है। मौसम विभाग ने लू के प्रभाव, लक्षण और प्राथमिक उपचार की जानकारी दी है। गृह विभाग के राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने इस संबंध में प्रदेश स्तर पर विभिन्न विभागों और जिलों को आवश्यक कार्रवाई के लिये निर्देश जारी किये है।

सूर्य दाह, ताप के कारण शारीरिक ऐठन, अत्यधिक थकावट एवं शारीरिक खिचाव, ताप-दाह स्थिति निर्मित हो सकती है। इसके लक्षणों में त्वचा पर लाल चकता, सूजन, फफोले, बुखार, सिरदर्द, पैरों, पेट की मांसपेशियों अथवा शरीर के बाहरी भागों में तकलीफ, शरीर में ऐंठन और अत्यधिक पसीना आना, अत्यधिक पसीना आना, कमजोरी महसूस होना, शरीर गीला और ठंडा होना तथा पीला पड़ जाना, सिर दर्द, नब्ज कमजोर पड़ जाना, मूर्छित हो जाना, अत्यधिक बुखार, अत्यधिक गर्म एवं सूखी त्वचा, तेज नब्ज और बेहोशी हो सकती है। लू से बचाव संबंधित जन-जागृति कार्यक्रमों का आयोजन करें। लू संबंधित बीमारियों एवं खतरों से जन-सामान्य के बचाव के लिये स्थानीय प्रशासन द्वारा व्यवस्था की जाये। इसके साथ ही किये जा रहे कार्यों के संबंध में नियमित प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया जाए। लू से बचाव के लिये अपनाई जाने वाली सावधानियों से संबंधित सुझाव का प्रचार-प्रसार होर्डिंग, प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया, स्थानीय केबल टीवी नेटवर्क, एफएम और सामुदायिक रेडियो से किए जाने की व्यवस्था की जाए।



### लू से बचाव के लिए सावधानी अपनाने की दी सलाह

*राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लू से जन-सामान्य के बचाव के लिये समस्त जिला प्राधिकरणों तथा लू प्रबंधन से संबंधित समस्त विभागों द्वारा प्रदेश में संभावित लू के प्रकोप को गंभीरता से लेते हुए इससे होने वाली क्षति को कम करने के लिये विभागीय एवं जिला स्तर पर सभी आवश्यक कदम उठाए जाने के निर्देश दिये हैं।*

### इसके लिए सलाह

*पानी, छांछ, ओआरएस का घोल या लस्सी, नीबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन कर तरो-ताजा रहें। यथा संभव दोपहर 12 से दोपहर 3 बजे के बीच धूप में बाहर निकलने से बचें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें। कपड़े, टोपी अथवा छतरी का उपयोग करें। धूप में निकलने के पहले तरल पदार्थ का सेवन करें। पानी हमेशा साथ रखें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनें। सिंथेटिक एवं गहरे रंग के वस्त्र पहनने से बचें।जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें। अत्यधिक गर्मी होने की स्थिति में ठंडे पानी से शरीर को पोछे या कई बार स्नान करें। धूप तथा गर्म हवाओं के संपर्क के तुरंत बाद स्नान न करें। गरिष्ठ, वसायुक्त, ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन तथा अल्कोहल, चाय, काफी जैसे पेय पदार्थ का उपयोग कम से कम करें।*

### बचाव के प्राथमिक उपचार

*प्रभावित व्यक्ति को बार-बार नहलाए, यदि फफोले निकल आएं हों, तो स्टरलाइज, ड्रेसिंग करें और चिकित्सक का परामर्श तत्काल लें, प्रभावित को छायादार स्थल पर तत्काल ले जाएं, ऐठन वाले शरीर के भाग को जोर से दबाए तथा धीरे-धीरे सहलाएं। प्रभावित को शीतल जल, छाछ अथवा पना पिलाएं, यदि उल्टी आ रही हो, तो शीतल पेय पिलाना बंद कर दें तथा तत्काल नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पर ले जाएं, प्रभावित को छायादार स्थल पर लिटा कर शरीर पर ठंडे एवं गीले कपडे से स्पंजिंग करें। संभव हो तो उन्हें वातानुकूलित कमरे में ले जाएं। प्रभावित को शीतल जल, छाछ अथवा पना पिलाएं। यदि उबकाई आ रही हो, तो शीतल पेय पिलाना बंद कर दें तथा प्रभावित व्यक्ति को तत्काल नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पर ले जाएं।यह अत्यंत चिंताजनक एवं चिकित्सा की दृष्टि से आपात स्थिति है। तत्काल 108 वाहन को बुलाएं और प्रभावित को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराएं। एम्बूलेंस आने तक प्रभावित व्यक्ति को वातानुकूलित स्थान पर ले जाएं।*

## बाल-बाल बचे कार में सवार 5 लोग

# गुलगांव की पहाड़ी के पास तेज रफ्तार स्विफ्ट कार खाई में उतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

बुधवार को एक तेज़ रफ़्तार कार मोड़ पर अनियंत्रित होकर गहरी खाई में नीचे उतर गई। वो तो गनीमत रही कि कार में सवार सभी पांच लोग घायल होने से बच गए। जानकारी अनुसार सांची जनपद क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गुलगांव पहाड़ी के पास एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार जो सूखा करार गांव की और से सांची की और जा रही थी। कार में लगभग पांच लोग सवार थे। स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर अचानक गहरी खाई में जाकर उतर गई। एक बड़ा हादसा होते समय रहते बाल बाल बच गया। और कार में बैठे किसी को व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई है।बता दें कि ग्राम गुलगांव मार्ग पर पहाड़ी के पास एक अंधा मोड़ है। वहीं लगी हुई गहरी खाई है। यहीं पर स्विफ्ट कार का चालक तेज रफ्तार होने के कारण कार को मोड़ पर संभाल नहीं पाया और कार अनियंत्रित होकर खाई में जाकर उतर गई।



हालांकि किसी को कोई चोट नहीं आई है। इस दौरान घटना स्थल पर आसपास लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई। गौरतलब है कि गुलगांव के इस पहाड़ी मार्ग पर अंधा मोड़ होने की वजह से आए दिन हादसे होते रहते हैं। और यहां पर किसी भी तरह का चेतावनी बोर्ड नही लगाया है। इसी वजह से वाहन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।